# Code No. 1901

**Class : 9th (Ninth)** **Series : 9/April/2022**

रोल नं० : | | | | | | | | | | |

**हिन्दी**

(only for Fresh / School Candidates)

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **10** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(i) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइएं : 1 + 1 = 2

(क) आए महंत वसंत

(ख) काली घटा का घमण्ड घटा



Downloaded from cclchapter.com

(ii) तत्सम् रूप लिखिए : दही, कान 1 + 1 = 2

(iii) निम्न शब्दों में उपसर्ग व प्रत्यय अलग-अलग कीजिए : 1 + 1 = 2

सुपात्र, चिकनाहट

(iv) दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

कर, कल

(v) (क) स्वर रहित र यानि ‘का प्रयोग करते हुए एक शब्द लिखिए। 1

(ख) संयुक्त व्यंजन ‘ज्ञ’ में वर्ण विच्छेद कीजिए। 1

(vi) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1 + 1 = 2

चतुर्भुज, दाल-रोटी

(vii) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

उन्नति, जय

(viii) निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1 = 2

घर, भगवान

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 12 = 12

(i) मानसरोवर शब्द का प्रयोग किस सन्दर्भ में हुआ है ?

(क) हंस

(ख) पवित्र मन

(ग) मुक्ताफल

(घ) भक्ति



Downloaded from cclchapter.com

(ii) 'सोई संत सुजान' में कौन-सा अलंकार है :

(क) उपमा

(ख) उत्प्रेक्षा

(ग) अनुप्रास

(घ) रूपक

(iii) 'सुबरन कलस सुरा भरा' में सुरा शब्द किसका प्रतीक है ?

(क) सोना

(ख) अच्छाइयाँ

(ग) बुराइयाँ

(घ) साधू

(iv) कवि ललद्यद को जेब टटोलने पर क्या नहीं मिला ?

(क) रुपया

(ख) पैसा

(ग) कौड़ी

(घ) सोना

(v) संसार के कण-कण में किसका वास है ?

(क) प्रभु

(ख) ब्रह्मा

(ग) विष्णु

(घ) शिव



Downloaded from cclchapter.com

(vi) किस पर्वत को श्रीकृष्ण ने अपनी अँगुली पर उठाया था ?

(क) कैलाश

(ख) हिमालय

(ग) गोवर्धन

(घ) अरावली

(vii) रसखान करील के कुंजों पर क्या न्यौछावर करना चाहता है'?

(क) वन, बाग

(ख) अष्ट सिद्धियाँ

(ग) नौ निधियाँ

(घ) सोने के करोड़ों भवन

(viii) मानुष जन्म पाने पर रसखान जी क्या बनना चाहते हैं ?

(क) ग्वाला

(ख) गोपियाँ

(ग) पक्षी

(घ) पशु

(ix) किन दीवारों को कवि ने काली कहा है ?

(क) जेल की

(ख) घर की

(ग) स्कूल की

(घ) बाजार की



Downloaded from cclchapter.com

(x) कोयल कब चीखती है ?

(क) दिन में

(ख) रात में

(ग) अर्धरात्रि में

(घ) सुबह के समय

(xi) 'मोहन के व्रत' में मोहन किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(क) महात्मा गांधी

(ख) कवि

(ग) लेखक

(घ) माखन लाल चतुर्वेदी

(xii) 'बच्चों का काम पर जाना' समस्या को कवि किस प्रकार उठाना चाहता है?

(क) उत्तर की तरह

(ख) प्रश्न की तरह

(ग) जवाब की तरह

(घ) प्रश्नोत्तर की तरह

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 x 3 = 9

(क) सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं ? क्या वास्तव में सारे उपकरण मिट गए हैं ? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर लिखिए।

(ख) कवि माखन लाल चतुर्वेदी कोयल की अपेक्षा स्वयं को हीन महसूस क्यों कर रहे हैं।

(ग) सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था ? अपने शब्दों में लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com

4. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 12 = 12

(i) गधे के गुणों के समान दूसरा पशु कौन माना जाता है ?

(क) घोड़ा (ख) बैल

(ग) गाय (घ) हाथी

(ii) गधा किस महीने में कुलेल कर लेता है ?

(क) चैत्र (ख) वैशाख

(ग) ज्येष्ठ (घ) आषाढ़

(iii) कांजीहौस में कितनी घोड़ियाँ थीं ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(iv) शेकर विहार की खेती के मुखिया कौन थे ?

(क) नम्से (ख) नमस्ते

(ग) नस्मे (घ) नमसते

(v) लेखक किस मार्ग में अपने साथियों से बिछुड़ गया ?

(क) तिब्बत (ख) ल्हासा

(ग) लङ्कोर (घ) थोड्ला

(vi) तिब्बत का सबसे खतरनाक स्थान कौन-सा है ?

(क) लङ्कोर (ख) थोडला

(ग) डाँडे (घ) विहार

(vii) पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सालिम अली किससे मिलने गए ?

(क) जवाहर लाल नेहरु (ख) चौधरी चरण सिंह

(ग) महात्मा गांधी (घ) अटल बिहारी वाजपेयी



Downloaded from cclchapter.com

(viii) डी० एच० लारेंस की पत्नी का क्या नाम था ?

(क) तहमीना (ख) फ्रीड़ा

(ग) राधिका (घ) गौरया

(ix) 'बर्ड वाचर' की संज्ञा किसे दी गई है ?

(क) जाबिर हुसैन (ख) सालिम अली

(ग) लारेंस (घ) कवि को

(x) टोपी कितने आने में मिल जाती थी ?

(क) चार आने (ख) पाँच आने

(ग) छह आने (घ) आठ आने

(xi) 'पूस की रात' में नीलगाय किसका खेत चर गई थी ?

(क) लेखक का (ख) प्रेमचन्द का

(ग) होरी का (घ) हलकू का

(xii) प्रेमचन्द किसके साथ फोटो खिंचवा रहे हैं ?

(क) मित्र (ख) लेखक

(ग) कवि (घ) पत्नी

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 3 x 2 = 6

(क) 'प्रेमचन्द के फटे जूते' पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया गया है ?

(ख) छोटी बच्ची (लड़की) किसकी बेटी थी और उसने बैलों को रोटियाँ क्यों खिलाई ?

6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर स्वरचित वाक्य बनाइए : 1 x 2 = 2

(क) अपना उल्लू सीधा करना

(ख) नौ दो ग्यारह होना



Downloaded from cclchapter.com

7. कृतिका भाग-1 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) लेखिका की नानी की आजादी की लड़ाई में किस प्रकार भागीदारी रही ?

(ख) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर बताइए कि जीवन में कैसे इंसानों को अधिक श्रद्धाभाव से देखा जाता है ?

(ग) शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की, समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ङ) माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज्यादा सोचने का समय क्यों नहीं था ?

8. प्रेमचन्द अथवा हरिशंकर परसाई के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 5

(i) आदर्श विद्यार्थी

(ii) पुस्तकालय का महत्त्व

(iii) बाल श्रम

(iv) समय का सदुपयोग

(v) वृक्ष हमारे मित्र

10. अपने मित्र को ग्रीष्मावकाश साथ-साथ बिताने हेतु पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com